दिन–शनिवार दिनांक– 17 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने पटना के बिहटा में नये हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी। एक हजार चार सौ तेरह करोड़ रूपये की लागत से होगा निर्माण।

02. केन्द्र सरकार ने बिहार के पहले विशेष आर्थिक क्षेत्र, एसईजेड को मंजूरी दी। बक्सर के नवानगर और पश्चिम चंपारण के कुमारबाग में विकसित होगा विशेष आर्थिक क्षेत्र।

03. आईएमए के आह्वान पर राज्य के सभी सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी सेवाएं ठप। कल सुबह छह बजे तक केवल इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी चालू।

04. और, स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध हिंसा के मामले में संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

---

केन्द्र सरकार ने पटना के बिहटा में नये हवाई अड्डे के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित लागत एक हजार चार सौ तेरह करोड़ रुपये है।

–––बाईट–––

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले की सराहना करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

–––बाईट–––

---

केन्द्र सरकार ने बिहार के पहले विशेष आर्थिक क्षेत्र, एसईजेड को मंजूरी दे दी है। बक्सर के नवानगर और पश्चिम चंपारण के कुमारबाग में विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित होंगे। दोनों जगहों पर एक सौ पच्चीस–एक सौ पच्चीस एकड़ क्षेत्रफल में इसका विकास होगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति दे दी है। श्री मिश्रा ने कहा कि इन दोनों जगहों पर बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण, बियाडा द्वारा तय मानकों के अनुरूप इसे विकसित किया जाएगा। उन्होंने विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्वीकृति प्रदान

करने के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का आभार जताया। श्री मिश्रा ने कहा कि राज्य में दो विशेष औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के बाद औद्योगिक क्षेत्र में एक नई क्रांति आयेगी और निवेश तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

---

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि बिहार में उद्योग और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर का निर्माण किया जायेगा। श्री मांझी ने कहा कि गया के मानपुर में वस्त्र, मधुबनी में पेंटिंग, भागलपुर में सिल्क और दरभंगा में मखाना उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगले छह महीने में योजना को पूरा कर लिया जायेगा।

---

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन–आईएमए के आह्वान पर राज्यभर के सभी अस्पतालों में आज सुबह छह बजे से ओपीडी सेवा और सामान्य कार्य ठप हैं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीजी छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में आईएमए ने चौबीस घंटे की हड़ताल की घोषणा की है। कल सुबह छह बजे तक सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेगी। आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद प्रसाद सिंह ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि हडताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आई.एम.ए. ने पीड़ित महिला डॉक्टर के लिए न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून की मांग की है। इस बीच, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों के साथ हिंसा मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

---

केन्द्र सरकार किसानों की पहुंच विज्ञान तक बढ़ाने के लिए रेडियो पर एक कार्यक्रम किसानों की बात शुरू करेगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात की ही तरह होगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में किसानों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अगले महीने शुरू होगा। श्री चौहान ने कहा कि उनके साथ कृषि वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी किसानों को जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

---

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के तीन सौ पैक्स के सदस्य किसान चिप्सोना आलू की खेती करेंगे। इस आलू से चिप्स बनाए जाते हैं। पटना में

संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के बीस जिलों के तीन सौ प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों, पीवीसीएस का गठन हो चुका है। शेष अठारह जिले में इस वर्ष के अंत तक पीवीसीएस का गठन कर लिया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि राज्य के बारह जिलों में सोलह जगहों को पेट्रोल पंप खोलने के लिए चिह्नित किया गया है। अब तक बारह समितियों ने इसके लिए आवेदन किया है। इसके अलावा एक सौ बीस पैक्स में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोलने की स्वीकृति दी गई है। इसमें आठ में संचालन प्रारंभ हो गया है।

---

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना फिर से शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्रामीण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को इस योजना को फिर से शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता देखते हुए इसे फिर से शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

---

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया और सिंकदर प्रसाद यादवेन्दु समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी ने इस संबंध में इंफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही सभी आरोपियों को नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी पटना के गांधी घाट और हाथीदह के साथ–साथ भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बनी हुयी है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में खतरे के निशान से छत्तीस सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, जिले के गंगपुर सिसवन में नदी का जलस्तर लाल निशान के आस–पास बना हुआ है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से छब्बीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से एक सौ छह सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। वहीं, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशानसे बयासी सेंटीमीटर, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में एक सौ सैंतीस सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में खतरे

निशान से एक सौ पांच सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से अठारह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की घटना में सत्रह लोगों की मौत हो गयी। बेगूसराय में सबसे अधिक पांच लोगों की डूबने से मौत हुई है। वहीं, शेखपुरा में तीन, भोजपुर, गया और कैमूर में दो–दो तथा वैशाली, नालंदा और बक्सर जिले में एक–एक व्यक्ति की डूबने से मौत की खबर है।

---

नियोजित शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा का दूसरा चरण तेईस अगस्त से शुरू होगा। परीक्षा छब्बीस अगस्त तक चलेगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा का प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

---

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य के शिक्षकों के जुलाई माह के वेतन भुगतान के लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने एक हजार तीन सौ ग्यारह करोड़ रुपये जारी कर दिया है।

---

सहरसा जिले के कहरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कलाली चौक के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक जवाहर प्रसाद यादव कहरा जदयू प्रखंड के अध्यक्ष थे। पुलिस ने भूमि विवाद में हत्या की आशंका जताई है। इधर, नालंदा जिले के राजगीर में अपराधियों ने आरा के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, जिले के सिलाव थाना के डोडाचक गांव के एक युवक को अपराधियों ने पीट–पीट कर मार डाला। दूसरी तरफ पटना के सगुना मोड़ के पास अपराधियों ने सीतामढ़ी के कुख्यात अपराधी रामजी राय की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

सीवान जिले के दो लाख रुपये के इनामी अपराधी गोलू सिंह को एसटीएफ ने नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। गोलू सिंह के खिलाफ जिले के महाराजगंज और हुसैनगंज थाने में हत्या और हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कुल इक्कीस आपराधिक मामले दर्ज हैं।

---

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद पथलोकिया बालू घाट पर पुलिस ने अवैध खनन में लगे बारह लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहटा में नये एयरपोर्ट के निर्माण को केन्द्र से स्वीकृति मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– बिहटा एयरपोर्ट निर्माण को एक हजार चार सौ तेरह करोड़ रूपये मंजूर।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– विधानसभा चुनाव से पहले बारह लाख को नौकरी, चौंतीस लाख को रोजगार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– जम्मू–कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव घोषित।

प्रभात खबर ने लिखा है– देशभर में डॉक्टरों का आंदोलन जारी। केन्द्र ने दिया आदेश हेल्थ वर्कर्स पर हमले के छह घंटे में हो केस।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– इसरो ने अंतरिक्ष में फिर रचा इतिहास।

दैनिक आज लिखता है– राज्यकर्मी बनने को नियोजित शिक्षकों की दूसरी सक्षमता परीक्षा तेईस अगस्त से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने पटना के बिहटा में नये हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी। एक हजार चार सौ तेरह करोड़ रूपये की लागत से होगा निर्माण।

02. केन्द्र सरकार ने बिहार के पहले विशेष आर्थिक क्षेत्र, एसईजेड को मंजूरी दी। बक्सर के नवानगर और पश्चिम चंपारण के कुमारबाग में विकसित होगा विशेष आर्थिक क्षेत्र।

03. आईएमए के आह्वान पर राज्य के सभी सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी सेवाएं ठप। कल सुबह छह बजे तक केवल इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी चालू।

04. और, स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध हिंसा के मामले में संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।